MOTION RE. NOMINATION OF MEMBERS OF RAJYA SABHA TO THE JOINT COMMITTEE OF THE HOUSES ON THE PRE-NATAL DIAGNOSTIC TECHNIQUES (REGULATION AND PREVENTION OF MISUSE) BILL, 1991.

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI M. L. FOTEDAR): Mr. Vice-Chairman, Sir, I beg to move:

"That this House concurs in the recommendation of the Lok Sabha that the Rajya Sabha do join in *the Joint Committee of the Houses* on the Bill to provide for the regulation of the use of prenatal diagnostic techniques for the purpose of detecting genetic or metabolic disorders or chromosomal abnormalities or certain congenital malformations or sex-linked disorders and for the prevention of the misuse of such techniques for the purpose of pre-natal sex determination leading to female foeticide; and for matters connected therewith or incidental thereto and resolves that the following seven Members of the Rajya Sabha:

1. Shri Bhaskar Annaji Masodkar
2. Shri Narayanasamy
3. Shrimati Satya Bahin
4. Shri Sarada Mohanty
5. Shrimati Sarala Maheshwari
6. Kumari Chandrika Premji Kenia; and
7. Shrimati Sushma Swaraj

be nominated to serve on the said Joint Committee.

The question was put and the motion was adopted.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA (West Bengal): Sir, I want to submit..

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): I will allow you, Mr. Gurudas Das Gupta. Let us begin from the last. Shrimati Sarala Maheshwari.

RE. LAW ORDER SITUATION IN TRIPURA

श्रीमती सरला माहेश्वरी (पश्चिमी बंगाल) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारी इस पृथ्वी पर ही... (**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष (श्री भास्कर अन्नाजी मासोदकर) : वन मिनट ।

श्रीमती सरला माहेश्वरी : सर, वन मिनट का सवाल ही नहीं है, स्थिति इतनी खौफनाक है, अगर आप देखेंगे तो शायद खुद ही मुझे रोकने से मना करेंगे और आप ही मुझे समय देने पर मजबूर होंगे ।

हमारी इस पृथ्वी पर ही नर्क की सृष्टि हुई है । उपसभाध्यक्ष महोदय, अब नर्क में जाने के लिए हमें परलोक में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी । इसी धरती पर रहते हुए, मैं माननीय गृह मंत्री महोदय की तवोज्जह दिलाना चाहूंगी कि वह इधर भी देखें, मैं उन्हीं से आग्रह करना चाहती हूं ।

उपसभाध्यक्ष (श्री भास्कर अन्नाजी मासोदकर) : प्लीज कंटीन्यू ।

श्री शंकर दयाल सिंह (बिहार) : गृह मंत्री जी, माननीया सदस्या ने तीन बार कहा कि गृह मंत्री जी मेरी ओर देखें, मेरी ओर देखें । मुझको, हम लोगों को अगर माननीया सदस्या एक बार भी कहती तो हम लोग उधर न देखकर इधर ही देखने लगते ।

श्री संघ प्रिय गौतम (उत्तर प्रदेश) : आप जरा सही कर लीजिए । उन्होंने यह कहा है–मेरी ओर सुनें, देखें नहीं ।

श्रीमती सुषमा स्वराज (हरियाणा): इतना गंभीर मसला सरला जी उठाने जा रही हैं । शंकर दयाल जी, इस तरह की बातें करके उसकी गंभीरता को कम न करिए ।